# राजकीय कन्या महाविद्यालय

## सेक्टर-14, गुरूग्राम (हरियाणा)

# 56 वाँ दीक्षांत समारोह

## वार्षिक प्रतिवेदन 2017-18

**समारोह अध्यक्षः**
**माननीय श्री पवन जिन्दल**
प्रान्त संघचालक, हरियाणा प्रान्त
राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ

**मुख्यअतिथिः**
**माननीय डॉ. मार्कण्डेय आहूजा**
कुलपति
गुरूग्राम विश्वविद्यालय-गुरूग्राम




दिनांकः 26 मार्च, 2018

प्रस्तुतकर्ता
डॉ. सुशीला कुमारी
प्राचार्या एच.ई.एस.-I

Scanned with CamScanner

# डॉ0 मार्कण्डेय आहूजा

कुलपति ,गुरूग्राम विश्वविद्यालय



डॉ0 मार्कण्डेय आहूजा एक जाने–माने व प्रतिष्ठित नेत्र विशेषज्ञ हैं। आप बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय , रोहतक के संस्थापक कुलपति भी रह चुके हैं और आप ने दो सत्र तक वहाँ पर अपनी सेवायें प्रदान की हैं। आपके कार्यकाल के आरंभ में वहाँ पर मात्र एक विद्यालय तथा एक महाविद्यालय हुआ करता था परन्तु आपकी कर्मयोगिता, अथक मेहनत , समर्पण , ईमानदारी , वचनबद्धता व सकारात्मक दृष्टिकोण ने इसे 2012 में विश्वविद्यालय के मुकाम पर पहुँचाया ।

आपने चिकित्सा के क्षेत्र में (MBBS) स्नातक तथा (MS) स्नात्तकोत्तर की डिग्री अव्वल दर्जे में PGIMS रोहतक से अर्जित की तथा उसके बाद बाबा मस्तनाथ धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय में समाज–कल्याण के लिए अपनी सेवायें प्रदान की। बड़े गर्व का विषय है कि, आप अभी तक अपने 28 सालों के लम्बे व्यावसायिक जीवन में ढ़ाई लाख से भी अधिक नेत्र सर्जरी सफलता पूर्वक कर चुके हैं तथा 28 लाख से भी ज्यादा मरीजों का इलाज कर चुके हैं। आप ने 20 से भी ज्यादा शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की है।

आप एक सुरूचिपूर्ण पाठक , प्रतिभाशाली लेखक व एक प्रसिद्ध वक्ता के रूप में जाने जाते हैं। डॉ0 मार्कण्डेय 20 पुस्तकों के लेखक हैं तथा "EYE CARE" आपकी विश्व विख्यात पुस्तक है। हरियाणा साहित्य अकादमी के द्वारा आपकी दो मशहूर पुस्तकें "नैतिक मूल्य एवं चरित्र निर्माण" तथा " जीवन प्रबन्धन एवं स्वामी विवेकानन्द" प्रकाशित की गई हैं। जिन्होंने अपने पाठकों के हृदय में एक खास स्थान बनाया है। आपने 'अस्पताल प्रबन्धन ' विषय पर शोध कर पीएच.डी. की डिग्री अर्जित की हैं। आप समाज सेवा के क्षेत्र में एक बड़े हस्ताक्षर के रूप में जाने जाते हैं। समाज सेवा के अनेक कार्यों जैसे रक्तदान , नेत्रदान , मानसिक स्वास्थ्य , नशा मुक्ति , आध्यात्मिक स्वास्थ्य, भ्रूण हत्या तथा एड्स इत्यादि में आप ने अत्यंत सराहनीय कार्य किए हैं। अत्यन्त गर्व की बात है कि आप ने स्वयं 54 साल की आयु में 84 बार रक्तदान किया है।

वर्तमान में आप ' राष्ट्रीय चिकित्सकीय संगठन ' के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। आप ' NMO JOURNAL ' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिका के संपादक हैं। आपको वर्ष 2015 में हरियाणा राज्य सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ समाज सेवी तथा वर्ष 2016 में महामहिम राज्यपाल द्वारा उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए पुरस्कृत किया गया। आपके व्यक्तित्व पर ये पंक्तियाँ बहुत सटीक प्रतीत होती हैं:–

" इंसान की शक्ल में कुछ लोग खुदा होते है
अपने बेहतरीन कामों से वो भीड़ से जुदा होते है "

Scanned with CamScanner

# राजकीय कन्या महाविद्यालय, सेक्टर–14, गुरुग्राम
# वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2017–2018

## " जिस दिन से चले हैं, हमारी मंजिल पर नज़र है।
## आँखों ने कभी, मील का पत्थर नहीं देखा"।

अपनी गरिमामयी विरासत और आधुनिक वैज्ञानिक एवं तकनीकी युग का समन्वय कर निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाने वाले राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर–14, गुरुग्राम की स्थापना सन् 1959 में की गई।

प्रारम्भ से ही इस महाविद्यालय ने सभी क्षेत्रों में प्रशंसनीय उन्नति की हैं। जिसके परिणाम स्वरूप यह महाविद्यालय आज हरियाणा प्रदेश का एक प्रमुख शिक्षा संस्थान है। वर्तमान सत्र में कुल 7229 विद्यार्थी इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिसमें 7216 लड़कियां तथा 13 लड़के हैं। स्नातक स्तर पर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकायों के अतिरिक्त यहाँ अंग्रेजी, भूगोल, वाणिज्य तथा संगीत (गायन एवं वादन) विषय की स्नातकोत्तर कक्षाओं के शिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में सरकार की रोजगारोन्मुखी योजना के अन्तर्गत बी.सी.ए., बी.एस सी (बायोटेक्नोलॉजी) तथा बी.एस सी., गृहविज्ञान आदि विभिन्न विषयों की कक्षाएँ सुचारू रूप से चल रही है। कम्प्यूटर शिक्षण की विशेष व्यवस्था के रूप में एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस) तथा एम.सी.ए. कक्षाओं की सुविधा भी उपलब्ध है। अपवाद रूप में सह–शिक्षा की व्यवस्था केवल संगीत विषय में विद्यमान है।

**प्राध्यापक तथा अन्य सहयोगी वर्ग**–इस महाविद्यालय में प्राचार्या के अतिरिक्त 99 प्राध्यापक, एक उपाधीक्षक, 2 कार्यालय कर्मचारी, एक वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक 13 कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक, एक रेस्टोरर, एक टकंण अनुदेशक, एक नर्स, 2 प्रयोगशाला सहायक तथा 5 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत हैं।

**वित्तानुदेशक** – वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर श्री मुकेश शर्मा के सुयोग्य निर्देशन में महाविद्यालय के वित्तीय कार्यो का सफल एवं सार्थक निष्पादन हो रहा है।

**परीक्षा विभागः–** महाविद्यालय की समस्त कक्षाओं की परीक्षा सम्बन्धी गतिविधियों के सुव्यवस्थित प्रबंधन एवं सुचारू सचांलन का श्रेय प्राचार्य महोदया के सक्रिय मार्गदर्शन में कार्यरत श्रीमती मधुराज व उनकी सक्रिय टीम जिसमें श्रीमती कुसुमलता, श्री अजय बसंल, श्री प्रद्युम्न व श्रीमती शर्मिला यादव सभी कार्यो को पूर्ण करते हैं। इनके अतिरिक्त समस्त परीक्षा सम्बन्धित कार्यो को सुचारू रूप से सम्पादित करने में कम्प्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष श्री संदीप मान तथा विभाग के अन्य सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। श्री सुभाष जे.एल.ए. व श्री नरेन्द्र जे.एल. ए. परीक्षा बोर्ड के कार्यालयीय दायित्वों को तथा एल.ए. श्री जगदीश, श्री भरत, श्रीमती शकुन्तला, श्री राजकुमार, श्री दुष्यंत व श्री गौतम सम्पूर्ण परीक्षा प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पूर्ण मनोयोग से पूरा करते हैं। वर्तमान सत्र की परीक्षाएं प्राचार्य महोदया के मार्गदर्शन में सुचारू रूप से सम्पन्न हो रहीं हैं।

महाविद्यालय में 16 मार्च 2018 को महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार बी.ए., बी. काम, बी.एस सी., बी.सी.ए. प्रथम वर्ष में वार्षिक परीक्षा की छात्राओं का पर्यावरण–अध्ययन–परीक्षा का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त सेमेस्टर व वार्षिक परीक्षा को भी इसी विभाग द्वारा करवाया जाता है।



Scanned with CamScanner

## सेवानिवृत्ति :–

इस सत्र में महाविद्यालय परिवार के निम्नलिखित सदस्य सेवानिवृत हुए। हम इनके सुखी एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हैं–

श्रीमती अंजुलता गौड़, प्राध्यापिका हिन्दी, विभाग तिथि 31.1.2017

श्री दयानन्द, दफतरी, विभाग तिथि 31.1.2017

श्रीमती सुर्दशन आहूजा, प्राध्यापिका रसायन शास्त्र, विभाग तिथि 28.2.2017

श्री महाबीर सिंह, जे.एल.ए., विभाग तिथि 31.3.2017

श्रीमती उषा गोयल, प्राध्यापिका इतिहास, विभाग तिथि 30.4.2017

श्रीमती सरला गुप्ता, छात्रावास अधीक्षिका, विभाग तिथि 30.4.2017

श्रीमती मधु साहनी, प्राध्यापिका रसायन शास्त्र, विभाग तिथि 31.5.2017

श्रीमती रीटा गौड़ प्राध्यापिका इतिहास विभाग दिनांक 31.7.2017

श्रीमती वेणु मदान प्राध्यापिका अंग्रेजी विभाग दिनांक 30.11.2017

श्रीमती सुनीता यादव अर्थशास्त्र विभाग दिनांक 30.11.2017

श्रीमती साधना सैनी, प्राध्यापिका अंग्रेजी, विभाग तिथि 28.2.2018

## प्राचार्या की व्यक्तिगत उपलब्धियाँ

महाविद्यालय डॉ. श्रीमती सुशीला कुमारी के सुयोग्य निर्देशन में प्रतिदिन नई–नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर रहा हैं। 1 अप्रैल 2017 को प्राचार्या के रूप में पदभार ग्रहण करने के उपरांत डॉ. सुशीला कुमारी महाविद्यालय की उन्नति के लिए और विद्यार्थियों की भलाई के लिए निरन्तर प्रयत्नशील हैं।

26 जनवरी 2018 को महाविद्यालय में किए गए प्रगतिपरक कार्यो को देखते हुए माननीय श्री रामबिलास शर्मा जी, शिक्षामंत्री हरियाणा सरकार के द्वारा डॉ. सुशीला कुमारी को उत्कृष्ट प्राचार्या के रूप में सम्मानित किया गया।

सत्र 2017–18 में डॉ. सुशीला कुमारी द्वारा लिखी हुई "पंडित लख्मीचंद के सांग साहित्य में लोक चेतना" नामक पुस्तक प्रकाशित हुई है जो कि बुद्धिजीवियों के मध्य पर्याप्त चर्चा का विषय बनी है। इस समय डॉ. सुशीला कुमारी को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के द्वारा वर्तमान कॉलेज के अतिरिक्त चार अन्य कॉलेजों–राजकीय महाविद्यालय सेक्टर–9 गुरूग्राम, राजकीय महाविद्यालय–सैक्टर–51गुरूग्राम, राजकीय कन्या महाविद्यालय–रिठौज तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय मानेसर के प्राचार्या की जिम्मेदारी भी दी हुई है।

महाविद्यालय की प्रशासिका होने के साथ–साथ डॉ. सुशीला कुमारी ने अध्यापन कार्यो में भी अपना शत–प्रतिशत योगदान देने का प्रयास किया और इनके द्वारा पढ़ाई गई कक्षा बी.ए. प्रथम वर्ष हिन्दी ऑनर्स का परीक्षा–परिणाम शत–प्रतिशत भी रहा है।

डॉ. सुशीला कुमारी द्वारा किए गए प्रयासों और कार्यों को और अधिक न गिनवाते हुए हिन्दी के सुप्रसिद्ध



Scanned with CamScanner

कवि शमशेर बहादुर सिंह के शब्दों में कहा जा सकता है–

"बात बोलेगी मैं नहीं,
भेद खोलेगी बात ही।"

महाविद्यालय का अनुशासन, स्वच्छ प्रांगण और श्रेष्ठ अध्यापन और आपके बीच बैठे प्रतिभाशाली विद्यार्थी ही प्राचार्या डॉ. सुशीला कुमारी जी के कार्यों का दर्पण हो सकता है।

## प्राध्यापक वर्ग की शैक्षणिक उपलब्धियाँ

### डॉ. अशोक कुमार, सहायक प्रोफेसर (हिन्दी) ने

(1) वर्ष 2017 में "वसुधैव कुटुम्बकम् संस्कृति आवास" कुरूक्षेत्र से हिन्दी सेवा सम्मान प्राप्त हुआ।

(2) दिनांक 30.7.17 को हरियाणा ग्रंथ अकादमी– पंचकुला द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

(3) दिनांक 18.9.17 को म.द.वि. रोहतक में महर्षि वाल्मीकि शोध पीठ द्वारा प्रायोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(4) दिनांक 20.9.17 को हंसराज कॉलेज दिल्ली द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "कुंवर नारायण का साहित्य विविध संदर्भ" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(5) दिनांक 23.नवम्बर 2017को पी.जी.डी.ए.वी. कॉलेज दिल्ली में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'कबीर बौर तुलसी के राम विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(6) दिनांक 14.9.2017 को अखिल भारतीय लोक चेतना गुड़गांव मंच द्वारा "मनोहर शिक्षक शौर्य सम्मान 2017" प्राप्त हुआ।

(7) दिनांक 30.1.2017 को आत्माराम सनातन धर्म दिल्ली में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भागीदारी की।

(8) वर्ष 2018 में गुगनराम एजुकेशन एण्ड सोशल वैलफेयर सोसायटी भिवानी द्वारा दीर्घकालीन साहित्यिक सेवाओं के लिए "साहित्यिश्री" सम्मान प्राप्त हुआ।

### श्रीमती वीना सिन्धु, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) ने

जामिया मिलिया इस्लामिया में 6 सितम्बर–26 सितम्बर तक UGC-HRD द्वारा आयोजित Interdisiplinary Refresher Course in Global Studies में भाग लिया।

### श्रीमती योगिता बजाज, सहायक प्रोफेसर (अंग्रेजी) ने

(1) जामिया मिलिया इस्लामिया में 6 सितम्बर–26 सितम्बर तक UGC-HRD द्वारा आयोजित Interdisiplinary Refresher Course in Global Studies में भाग लिया।

(2) 22 मार्च को मानव रचना विश्वविद्यालय में Fmeh द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में Importance of Short Stories in digital age पर पेपर प्रस्तुत किया।



Scanned with CamScanner

## डॉ. रीतू तोमर राठी, सहायक प्रोफेसर, (अंग्रेजी) ने

(1) दिनांक 24–25 जनवरी 2018 को ओ.पी. जिंदल वैश्विम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता कांफ्रेंस में Digi mystifying Woman: A contest A shohna De's Sethhi" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(2) ताऊ देवी लाल राजकीय महाविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Enghligh global out look of commerce" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

(3) चौधरी छोटूराम राजकीय महाविद्यालय सॉपला में "Role of Engligh in life" विषय पर व्याख्यान दिया।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय जरनल "Universal Researer Repott" में एक शोध पत्र में सह लेखिका, जो जनवरी–मार्च के अंक में छपा।

## डॉ. अंजना आनन्द, सहायक प्रोफेसर (वनस्पति शास्त्र) ने

Geography Department, Governmen College Distt. Sidhrawali में तीन दिवसीय 17,18, व 19 जनवरी 2018 को अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में पेपर प्रस्तुत किया।

(2) सदस्य– Board of Studies (2017–18), बायोटेक।

## श्रीमती इन्दू यादव, सहायक प्रोफेसर (राजनीति शास्त्र) ने

(1) राष्ट्रीय संगोष्ठी में – पेपर वाचन हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग –पंचकूला द्वारा प्रायोजित राजकीय महाविद्यालय – हेलीमंडी गुरूग्राम में दिनांक 10 फरवरी 2018 को ''भारत में भू–जल समस्या एवं संभावना'' विषय पर पेपर प्रस्तुत एवं वाचन किया।

## श्रीमती अम्बिका सांगवान, सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) ने

(1) दिनांक 9 दिसम्बर 2017 से 5 जनवरी 2018 तक UGC-HRDC B.P.S Women University, खानपुर सोनीपत की ओर से 'IRUBTATUIB CIYRSE' आयोजित सेमिनार में भाग लिया। (2)दिनांक 17 जनवरी 2018 को राजकीय पी. जी. महिला कॉलेज, रोहतक की ओर से राष्ट्रीय सेमीनार (Seminar) Service Tax : A Reform in Indirect Tax System of India" में शोध–पत्र प्रस्तुत किया। (3)दिनांक 27 जनवरी 2018 TDC Govt. College for Women, Murthul (Sonepat) की ओर से राष्ट्रीय सेमीनार (Seminar) आयोजित किया। जिसमें शोध पत्र "A Study on Status of foreign Direct Investments in India" प्रस्तुत किया।

## श्रीमती मीनाक्षी यादव, सहायक प्रोफेसर (समाजशास्त्र) ने

राष्ट्रीय संगोष्ठी में हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग–पंचकूला द्वारा आयोजित राजकीय महाविद्यालय–हेलीमंडी (गुरूग्राम) में दिनांक 10फरवरी 2018 को ''भारत में भू–जल : समस्या एवं संभावना'' विषय पर पेपर प्रस्तुत एवं वाचन किया।

## श्रीमती रीना रानी, सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) ने

21.11.2017 को राजकीय पी.जी. महिला महाविद्यालय, पंचकूला में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "GST-IST-Need and Impact on Indian Economy" विषय पर पेपर वाचन किया।



Scanned with CamScanner

## डॉ. विवेक कुमार सिंह, सहायक प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान) ने

(1) 'The Botanica' पत्रिका में एक शोध पत्र Ethnomediacal Importance of Ocimum Sanctim L: a review. The Botanica (ISSN : 0045-2629) (In Press) 2018 में प्रकाशित हुआ।

(2) 'International Conference' में एक शोध पत्र 'Interactive effect of Funarium Toxin and arenic on physiological, biochemical and molecular characteristics of tomato plants' presented in the international conference on 'Science, Technology and Social Humanities (ICSTSH-2018) held at Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra (February 26to 28-2018) प्रस्तुत किया।

## सुश्री राखी चौहान, सहायक प्रोफेसर ( प्राणीशास्त्र ) ने

"Archives of Demagogical Research" पत्रिका में एक शोध पत्र फरवरी 2018 में "Effect of Dickko pf 1 on the Senescence of melanocytes: in Vitro Study" प्रकाशित हुआ।

## श्रीमती सीमा चौधरी, सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) ने

दिनांक 17.1.18 को Govt. पी.जी. कॉलेज, रोहतक की ओर से राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें "FDI AN INDIA: AN OVERVIEW" पर एक शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

## श्रीमती निर्मल मेहरा, सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) ने

(1)दिनांक 19.1.18 को राजकीय महाविद्यालय, सिधरावली की ओर से अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें "Sustainable smorl city in India-an Empirical Study" में शोध पत्र प्रस्तुत किया। (2)दिनांक 10.2.18 को राजकीय महाविद्यालय, जाटोली हेलीमण्डी गुरूग्राम की ओर से राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें शोध–पत्र प्रस्तुत किया।

## श्रीमती शालिनी, सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) ने

TDL Govt. College for Women Murthal Sonipat 27 जनवरी 2018 को "Impact of Demonetisation In Indian Economy" सेमिनार में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## डॉ. प्रियंका ओस्तवाल, सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) ने

"Impact of Demonetisation in Indian Economy" सेमिनार में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया। (27 जनवरी 2018) T D L Govt. College for Women Murthal Sonipat

## श्रीमती निशा छोकर, सहायक प्रोफेसर (वाणिज्य) ने

Govt. P.G. College for Women Rohtak में "FDI in India an overview : दिनांक 17 जनवरी 2018 सेमिनार में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## डॉ. प्राची गुप्ता, सहायक प्रोफेसर (जैव प्रौद्योगिकी) ने

दिनांक दिसम्बर 26.2017 को एक शोध पत्र प्रकाशित करवाया जिसका शीर्षक "S-allyl Cysteine inhibits TNF................molecules" एवं अन्तरराष्ट्रीय पत्रिका में प्रकाशित हुआ "BBA-General Subject"



Scanned with CamScanner

# परीक्षा परिणाम

गत वर्षो की तरह सत्र 2016–17 में भी हमारे महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय स्तर पर उल्लेखनीय रहे हैं महाविद्यालय में सुयोग्य, कर्मठ व समर्पित शिक्षक वर्ग के निरंतर प्रयासों से शिक्षा का समुचित वातावरण बना हुआ है। छात्राओं ने विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में अग्रणी स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इनका विवरण इस प्रकार है–

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | स्थान |
|---|---|---|---|
| | | छठा सेमेस्टर | |
| 1. | अनिता यादव | बी.एससी. | पहला |
| 2. | अंजलि | '' | दूसरा |
| 3. | अंजलि | '' | तीसरा |
| 4. | अंजू | '' | चौथा |
| 5. | अंजू बाला | '' | पाँचवा |
| 6. | अंजू वाणी | '' | छठा |
| 7. | अंकिता | '' | सातवाँ |
| 8. | अनू | '' | आठवाँ |
| 9. | अनू | '' | नौवाँ |
| 10. | अनू कुमारी | '' | दसवाँ |
| 11. | अनू यादव | '' | ग्यारहवाँ |
| 12. | आकृति भट्ट | बायोटेक्नोलॉजी | पहला |
| 13. | अनामिका यादव | '' | दूसरा |
| 14. | अनिता | '' | तीसरा |
| 15. | अंजलि तंवर | '' | चौथा |
| 16. | अविका कालरा | '' | पाँचवा |
| 17. | भावना गोंदवाल | '' | छठा |
| 18. | छाया | '' | सातवाँ |
| 19. | दीपिका यादव | '' | आठवाँ |
| 20. | दिव्या शर्मा | बी.एससी. बायोटैक्नोलॉजी | नौवाँ |
| 21. | गीता | '' | दसवाँ |



Scanned with CamScanner

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | स्थान |
|---|---|---|---|
| | | छठा सेमेस्टर | |
| 22. | आशा | बी.एससी. गणित आनर्स | पहला |
| 23. | आशा शर्मा | " | दूसरा |
| 24. | चेतना शर्मा | " | तीसरा |
| 25. | गीता | " | चौथा |
| 26. | हेमा शर्मा | " | पाँचवा |
| 27. | हिमांशी | " | छठा |
| 28. | इंदु | " | सातवाँ |
| 29. | ज्योति | " | आठवाँ |
| 30. | काजल | " | नौवाँ |
| 31. | कीर्ति | " | दसवाँ |
| 32. | अनिता यादव | बी.एससी.वनस्पति विज्ञान | पहला |
| 33. | अनिता | " | दूसरा |
| 34. | अनिता | " | तीसरा |
| 35. | भाविका | " | चौथा |
| 36. | भावना यादव | " | पाँचवा |
| 37. | एकता भारद्वाज | " | छठा |
| 38. | गरिमा | " | सातवाँ |
| 39. | ज्योति | " | आठवाँ |
| 40. | ज्योति यादव | " | नौवाँ |
| 41. | खुशबू कुमारी | " | दसवाँ |
| 42. | कृतिका सेठ | " | ग्यारहवाँ |
| 43. | अनुष्का तिवारी | बी.एससी. प्राणी शास्त्र | पहला |
| 44. | ज्योति | " | दूसरा |
| 45. | मंजू | " | तीसरा |
| 46. | नेहा शर्मा | " | चौथा |
| 47. | निधि | " | पाँचवा |
| 48. | निशा रानी | " | छठा |



Scanned with CamScanner

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | स्थान |
|---|---|---|---|
| | | छठा सेमेस्टर | |
| 49. | पूजा कटारिया | बी.एससी. प्राणी शास्त्र | सातवाँ |
| 50. | पूजा | " | आठवाँ |
| 51. | पूजा चौधरी | " | नौवाँ |
| 52. | शीतल | " | दसवाँ |
| 53. | सोनाली | " | ग्यारहवाँ |
| 54. | वर्षा | " | बारहवाँ |
| 55. | नेहा धारीवाल | गृह विज्ञान | पहला |
| 56. | ऋतु कुमारी | " | दूसरा |
| 57. | शैफाली | " | तीसरा |
| 58. | दिव्या रानी | अंग्रेजी दूसरा सेमेस्टर | नौवाँ |
| 59. | सुरेखा नरवाल | " | नौवाँ |
| 60. | स्वाति शर्मा | " | बारहवाँ |
| 61. | निखिल डे | संगीत (गायन/वादन) | पहला |
| 62. | विधु श्री पांडे | " | तीसरा |
| 63. | कविता | " | चौथा |
| 64. | रश्मि | " | पाँचवा |
| 65. | पलकी गर्ग | " | छठा |
| 66. | सुषमा | " | सातवाँ |
| 67. | सुनील कुमार | " | आठवाँ |
| 68. | चंचल | " | नौवाँ |
| 69. | ज्योति | " | ग्यारहवाँ |
| 70. | विशाल | " | बारहवाँ |
| 71. | सतीश कुमार | " | तेरहवाँ |
| 72. | प्रेमदीप | " | चौदहवाँ |
| 73. | रेखा | " | पन्द्रहवाँ |



Scanned with CamScanner

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | स्थान |
|---|---|---|---|
| | | दूसरा सेमेस्टर | |
| 74. | इन्दू बाला | भूगोल | दूसरा |
| 75. | मनीषा | " | दसवाँ |
| 76. | पूजा मेहरा | " | बारहवाँ |
| 77. | बबीता | बी.ए.पास.कोर्स | आठवाँ |
| 78. | काजल | राज. विज्ञान | तीसरा |
| 79. | निशा बेदी | " | तीसरा |
| 80. | नेहा | " | पाँचवा |
| 81. | सरिता | " | सातवाँ |
| 82. | पूजा | " | आठवाँ |
| 83. | उषा | " | नौवाँ |
| 84. | पूजा राना | " | दसवाँ |
| 85. | सोनी | " | ग्यारहवाँ |
| 86. | निधि | " | तेरहवाँ |
| 87. | कंचन रानी | " | चौदहवाँ |
| 88. | सुमन | " | पन्द्रहवाँ |
| 89. | कोमल | इतिहास ऑनर्स | दूसरा |
| 90. | सुमनलता | " | तीसरा |
| 91. | शिवली यादव | " | चौथा |
| 92. | अनुप्रिया | " | पाँचवा |
| 93. | पूजा | " | सातवाँ |
| 94. | मोहिनी | " | आठवाँ |
| 95. | पूजा | " | नौवाँ |
| 96. | तान्या शर्मा | अंग्रेजी ऑनर्स | बारहवाँ |
| 97. | सुरभि सीकरी | " | तेरहवाँ |
| 98. | टीनू | अर्थशास्त्र | चौथा |
| 99. | अंजलि भास्कर | " | छठा |
| 100. | काजल वाधवा | " | सातवाँ |



Scanned with CamScanner

| क्र.सं. | नाम | कक्षा | स्थान |
|---|---|---|---|
| | | दूसरा सेमेस्टर | |
| 101. | कनुप्रिया | अर्थशास्त्र | आठवाँ |
| 102. | साक्षी शर्मा | " | नौवाँ |
| 103. | सिमरन जैन | " | बारहवाँ |
| 104. | प्रिया यादव | " | तेरहवाँ |
| 105. | कीर्ति दहैया | " | चौदहवाँ |
| 106. | इतिशा जोशी | " | पन्द्रहवाँ |
| 107. | बरखा | बी.कॉम | बारहवाँ |
| 108. | इन्दू | एम.सी.ए. | पहला |
| 109. | मोनिका राना | " | चौथा |
| 110. | इशा अरोड़ा | " | पाँचवा |
| 111. | शिखा गुप्ता | " | छठा |
| 112. | राशि बाखरी | " | बारहवाँ |
| 113. | तान्या श्रीवास्तव | बी.सी.ए. | आठवाँ |
| 114. | आयेश्ना शर्मा | " | बारहवाँ |

"किसी एक विचार को अपने जीवन का लक्ष्य बनाओ। कुविचारों का त्याग कर केवल उसी विचार के बारे में सोचो। तुम पाओगे कि सफलता तुम्हारे कदम चूम रही है।"

स्वामी विवेकानंद



Scanned with CamScanner

# महाविद्यालय–पत्रिका

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'रमणीक' विद्यार्थियों की सृजनात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा को विकास के अवसर प्रदान करती है। डॉ. किरण बाला, डॉ. सुनीता श्योराण, डॉ. योगिता बजाज, डॉ. अर्चना सूटा, एवं डॉ. अंजना नागपाल क्रमशः संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान एवं योजना अनुभाग के संपादक हैं।

# महाविद्यालय–पुस्तकालय

पुस्तकालय का संचालन श्री सतीश कुमार (रेस्टोरर) की देख–रेख में सम्पन्न होता है। वरिष्ठ तथा कनिष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष के पद रिक्त हैं। इस पुस्तकालय में विभिन्न विषयों की लगभग 63442 पुस्तकें हैं। जिसमें सामान्य प्रस्तावित पुस्तकें 45089 हैं, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की प्रस्तावित पुस्तकें 18353 हैं। पुस्तकालय में इस समय 15 दैनिक समाचार पत्र और 12 साप्ताहिक पत्रिका एवं मासिक पत्रिकाएं आती हैं। वर्तमान सत्र में पुस्तकालय के लिए 2 लाख की अनुदान राशि से 434 पुस्तकें मंगवाई गई हैं।

# महाविद्यालय औषधालय

महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा के लिए एक औषधालय की व्यवस्था है यह औषधालय डॉ. शोभा नारंग, डॉ. गुलशन कुमारी, श्रीमती सुनीता ढाका एवं पूर्णकालिक उपचारिका श्रीमती मीनाक्षी अरोड़ा की देख–रेख में सुचारू रूप से चल रहा हैं। औषधालय में महाविद्यालय की छात्राओं को प्राथमिक एवं तात्कालिक चिकित्सा प्रदान की जाती है। औषधालय द्वारा छात्रावास में रहने वाली छात्राओं के लिए भी प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था कराई जाती है। गंभीर रूप से बीमार व घायल छात्राओं को निकटतम अस्पताल मे ले जाया जाता है।

# महिला छात्रावास

महाविद्यालय में चार छात्रावास – गंगा, नर्मदा, कावेरी तथा सरयू हैं। इनमें लगभग 750 छात्राओं के रहने की व्यवस्था की गई है। गंगा, नर्मदा तथा कावेरी हॉस्टल में स्नातक की सभी छात्रांए रहती है तथा सरयू हॉस्टल में स्नातकोत्तर की सभी छात्राएं रहती है। इन छात्रावासों मे छात्राओं को हर प्रकार की सुविधा तथा पढ़ाई का उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाता है। प्रत्येक छात्रावास के बाहर सुन्दर हरे भरे लॉन बने है जिनमें छात्राओं के बैठने के लिये बैंच रखवाये गये है। पूरे छात्रावास को CCTV से जोड़ा गया है, जिसमे 12 कैमरे गंगा, नर्मदा तथा कावेरी में तथा 5 कैमरे सरयू हॉस्टल में लगाये गये हैं इन कैमरों को online भी किया गया है। छात्रावास में एक tuckshop भी है जिसमें छात्राओं की रोजमर्रा की जरूरत का सामान उपलब्ध है। छात्रावास में सभी त्योहार–दीवाली, लोहड़ी, होली, गणतंत्र एवं स्वतन्त्रता दिवस आदि बड़े धूमधाम से मनाये जाते हैं। सत्र 2017–18 शुरू होने पर अभिभावक–शिक्षक मिलन का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के माता–पिता ने प्राचार्या महोदया तथा अन्य हॉस्टल कर्मचारियों से वार्तालाप किया। छात्राओं को मार्च में अक्षरधाम मन्दिर दिखाने के लिये ले जाया गया। चारों छात्रावासों का कार्य श्रीमती सलोनी वर्मा तथा छात्रावास – अधीक्षिका श्रीमती रेखा तथा श्रीमती सोनिया की देखरेख में सुचारू रूप से चल रहा है।



Scanned with CamScanner

# दिवस समारोह समिति

## Day Celebration Committee

महाविद्यालय में शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियाँ उत्तरोत्तर प्रगतिशील रही हैं। इनके अतिरिक्त महाविद्यालय में कुछ उत्सव एवं महत्वपूर्ण दिवस भी मनाये जाते हैं। हिन्दी–विभाग की एसोसिऐट प्रोफेसर डॉ. पुष्पा अंतिल के कुशल नेतृत्व मे इस समिति के सभी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

तीज महोत्सव (26.7.17), शिक्षक दिवस (6.9.17), वन महोत्सव (अगस्त), पं. दीनदयाल जयन्ती समारोह (11.9.17 एवं 4.10.17), पं. दीनदयाल जी की स्मृति में निबन्ध प्रतियोगिता (3.10.17), विश्व बंधुत्व दिवस (16.9.17), महर्षि वाल्मीकि जयन्ती (10.10.17), एंटी सेक्सुअल डे (25.10.17), भ्रष्टाचार रोकथाम दिवस (2.11.17), गणतन्त्र दिवस की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन (25.1.2018), बसन्त महोत्सव (12.2.18), महिला दिवस (8.3.18), को बड़े हर्षोल्लास एवं छात्राओं की अधिकाधिक भागीदारी के साथ मनाए गए।

इस समिति द्वारा आयोजित सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन में संगीत विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लोकेश शर्मा का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा।

# सांस्कृतिक गतिविधियाँ

**प्रतिभाखोज प्रतियोगिताः–**

गत वर्षो से चली आ रही परम्परा का निर्वाह करते हुए दिनांक 23.8.2017 व 24.8.2017 को महाविद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने हेतु प्रतिभाखोज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन प्राचार्या डॉ. सुशीला कुमारी की गरिमामयी अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में लगभग 200 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़–चढ़कर भाग लिया व प्राचार्य महोदया के करकमलों द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सान्तवना पुरस्कार प्राप्त किए।

**क्षेत्रीय युवा समारोह :–**

गुरूग्राम क्षेत्र का क्षेत्रीय युवा समारोह दिनांक 10.11.2017 से 12.11.2017 तक यू.आइ.एल.एम.एस. सेक्टर–40 गुरूग्राम में आयोजित किया गया। इस समारोह के सफल व भव्य आयोजन में प्राचार्या डॉ. सुशीला कुमारी के कुशल नेतृत्व में डॉ. वीरेन्द्र अंतिल (Dean of Cultural Activities) व सभी सदस्यों की भूमिका सक्रिय व सराहनीय रही। इस समारोह आठ प्रथम, पाँच द्वितीय व एक–एक तृतीय पुरस्कार अर्जित पर प्रतिभागियो ने शानदार प्रदर्शन किया। संस्कृत नाटक में Best Actress Award भी इसी महाविद्यालय की छात्रा के नाम रहा।

**अन्तरक्षेत्रीय युवा समारोहः–**

दिनांक 17.11.2018 से 19.11.2018 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित हुए अन्तर क्षेत्रीय युवा समारोह में महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने चार प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम, एक द्वितीय व एक तृतीय स्थान अर्जित कर पुरस्कार प्राप्त किए।

**जिला स्तरीय युवा समारोहः–**

माह नवम्बर 2017 में बाल भवन सेक्टर 4 गुरूग्राम मे आयोजित Open Youth Festival में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय युवा समारोह में शास्त्रीय वादन (सितार) में व हिन्दी नाटक में प्रथम एवं संस्कृत नाटकों



Scanned with CamScanner

में द्वितीय पुरस्कार अर्जित कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल संचालन में समिति के सभी सदस्यों के साथ संगीत विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लोकेश शर्मा का योगदान विशेष रूप से सराहनीय रहा।

## रैड रिबन क्लब एवं रैड क्रॉस सोसाइटी

रैड रिबन क्लब एवं रेड क्रॉस सोसाइटी श्रीमती हेमलता चिकारा के कुशल नेतृत्व में कार्यरत हैं। रैड रिबन क्लब तथा रैड क्रॉस सोसाइटी द्वारा गत वर्ष में अनेक गतिविधियों का कुशलतापूर्वक आयोजन किया गया। गतवर्ष की गतिविधियों का सूक्ष्म विवरण निम्न प्रकार है–

**रैड रिबन क्लबः–**

रैड रिबन क्लब द्वारा दिनांक 1 अगस्त 2017 से 15 अगस्त 2017 तक अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों को आयोजन किया गया जिनके अंतर्गत छात्राओ को एड्स जागरूकता फिल्म दिखाई गई एवं एड्स को रोकने के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई । इसी श्रृंखला में पोस्टर बनाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 50 छात्राओं नें उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा एड्स जागरूकता व्याख्यान का भी आयोजन किया गया जिसमें 100 छात्राओं ने हिस्सा लिया। अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में छात्राओं ने एड्स के प्रति सजग रहने तथा एड्स पीड़ितों की सहायता करने की प्रतिज्ञा ली।

23 नवम्बर 2017 से 01 दिसम्बर 2017 तक महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय 'एड्स सप्ताह (दिवस)' मनाया गया। जिसके अंतर्गत पोस्टर बनाओं, नारा लेखन, कहानी लेखन तथा कहानी सुनाओं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में 23, स्लोगन लेखन में 16, कहानी लेखन में 29 तथा कहानी सुनाओं में 30, छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर बनाओ में आरती B.A Ist Year अंजलि B.A Ist Year तथा नीलम B.A Ist Year ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन में रूकसार B.A Ist Year स्नेहा B.A Ist Year तथा रेखा B.A. Ist Year ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कहानी सुनाओं में सोनम B.Sc. Maths Ist Year, दीपांशी यादव B.Sc. M(H) Ist year, तथा शिवानी B.Sc. M (H) Ist Year, ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

6जनवरी 2018 से 18 जनवरी 2018 तक महाविद्यालय मे 'राष्ट्रीय युवा दिवस' मनाया गया। इसमें एड्स जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें एड्स के कारणों तथा बचाव के उपायों को प्रचारित किया गया। इस रैली में नाकों ऐप का भी प्रचार किया गया। इसी श्रृंखला में निबंध लेखन प्रतियोगिता पोस्टर बनाओ, नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।

**रैड क्रॉस सोसाइटीः–**

(1) दिनांक 15.01.18 से 19.01.18 रैड क्रॉस सोसाइटी, गुरूग्राम द्वारा पाँच दिवसीय 'युवा रैड क्रॉस शिविर' का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की ओर से 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

(2) दिनांक 15.01.18 से 21.01.18 तक युवा रैड क्रॉस महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा जयपुर में 'स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण शिविर' आयोजित किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की ओर से तीन छात्राओं –(प्रिया B.Sc.(H) रोल नं. 201514004, साक्षी B.Sc. II Pass, रोल नं. 91240261, ज्योति B.Sc. II रोल नं. 104790168) ने भाग लिया, जिसके अंतर्गत युवाओं को स्वास्थ्य संबंधी, प्राथमिक चिकित्सा, राष्ट्रीय चरित्र एवं मूल्यों के विकास के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



Scanned with CamScanner

(3) दिनांक 13.02.18 को, रैड क्रॉस कार्यालय, गुरूग्राम द्वारा 'एक दिवसीय ब्रिगेड ऑफिसर शिविर' का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की ओर से सहायक प्रोफेसर श्रीमती इन्दू राठी सहित तीन छात्राओं ने भाग लिया।

# महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ

महाविद्यालय की छात्राओं में महिला सशक्तिकरण की भावना व अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के लिए महिला प्रकोष्ठ बड़ी निष्ठा से कार्य कर रही है।

महिला सशक्तिकरण समिति के अन्तर्गत 7.9.2017 को 20 दिन की आत्मसुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लगभग 80 छात्राओं को लाभ मिला। सितम्बर–अक्टूबर के माह में ही स्वयं रोजगार के लिये 45 दिन की एक प्रमाणित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के अन्तर्गत सौन्दर्य प्रसाधन एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण दिया गया।

अक्टूबर माह में "यौन शोषण अपराध" तथा 'कानूनी ज्ञानशाला' का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1000 छात्राओं को भागीदारी सम्बोधित किया गया। मानव संसाधन मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में एक Gender Champions Club का गठन किया गया जिसमें सभी विषय की कुछ होनहार छात्राओं को इस क्लब का सदस्य बनाया गया।

सात नवम्बर 2017 को एक निःशुल्क स्वास्थ्य आंकलन शिविर लगाया गया। 8 मार्च 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुशीला कुमारी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए आधुनिक समाज में महिलाओं के योगदान को बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया गया।

महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ के अन्तर्गत अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से 12 मार्च 2018 को श्रीमती पूजा पुंछी द्वारा 'क्षमता विकास' विषय पर 'विस्तार व्याख्यान' करवाया गया। इस प्रकोष्ठ की समस्त गतिविधियों के सफल संचालन का क्षेत्र अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका श्रीमती अंजना नागपाल को जाता है।

# वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ

सत्र 2017–18 में वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुशीला कुमारी के कुशल मार्गदर्शन एवं कम्प्यूटर विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप मान की अध्यक्षता में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय स्तर पर आयोजित–कविता, निबन्ध, चित्रकला, स्लोगन लेखन, भाषण , वाद–विवाद प्रतियोगिता आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ–चढ कर भाग लिया। महाविद्यालय स्तर पर विजेता छात्राओं ने द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तर पर आयोजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर अनेक पुरस्कार प्राप्त किए। जिला स्तर पर विजेता छात्राओं के लिए गुरूग्राम डिवीजन स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय के वैधानिक साक्षरता प्रकोष्ठ के अन्तर्गत करवाया जाता है। इस प्रकोष्ठ की सम्पूर्ण गतिविधियों के सफल संचालन में श्रीमती ज्ञान देवी का योगदान विशेष सराहनीय रहा।



Scanned with CamScanner

# सड़क सुरक्षा क्लब

8 नवम्बर 2017 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन (ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित) सड़क सुरक्षा विषय पर मेगा इवेंट किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात के मूलभूत नियमों को आंक कर उनकी ज्ञानवृद्धि करना था।

15–12–2017 को इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय–गुरूग्राम में द्वितीय स्तर की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा गया। तृतीय स्तर की प्रतियोगिता में इन छात्राओं को के.आर. मंगलम स्कूल में 12–1–2018 को भेजा गया।

हमारे विजेता प्रतिभागियों ने चौथे एवं अंतिम स्तर के लिए पॉवरग्रिड–गुरूग्राम में 16–1–2018 को भाग लिया। इन सभी प्रतियोगिताओं के सभी स्तरों पर छात्राओं का सराहनीय प्रदर्शन रहा।

26–2–2018 को सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से परिवहन कमीश्नर चंडीगढ के दिशानिर्देशानुसार पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें काजल बी.एससी., कम्प्यूटर साइंस–प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर सोनाली बी.एससी. मेडिकल, तृतीय स्थान पर ज्योति बी.कॉम रही।

दिनांक14.3.2018 को परिवहन विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन ऑडिटोरियम में किया गया जिसमें लगभग 1000 छात्राओं ने भाग लिया तथा सी.जे.एम (गुरूग्राम), श्री नरेन्द्र सिंह(मुख्य अतिथि), विक्रान्त गुप्ता(आजतक–खेल सम्पादक) श्री राजीव रंजन, (सड़क सुरक्षा परिषद मेम्बर) श्री सत्येन्द्र सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्री सतीश एडवोकेट ने यातायात एवं सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विचार प्रस्तुत कर छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता की शपथ दिलाई ।

# अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ

कॉलेज में एक अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ है जिसके नॉडल अधिकारी सुन्दर सिंह प्राध्यापक कार्यरत हैं। कॉलेज में कुल 950 अनुसूचित जाति की छात्राएँ हैं। इनमें से 105 छात्राएँ हॉस्टल में रहती हैं। अनुसूचित जाति की छात्राओं को सरकार की तरफ से 1000 रूपये मासिक स्कालरशिप और 2000 रूपये किताबों के लिए दिए जाते हैं। इस प्रकार कुल 14000/– प्रति वर्ष एक छात्रा को दिए जाते है और जो छात्राएँ हॉस्टल में रहती है, उन्हे 6000 अतिरिक्त दिए जाते हैं। यानी कि हॉस्टल का 14000+6000=20000/- प्रति वर्ष दिए जाते हैं। लेकिन इस सुविधा को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक छात्रा की 70% हाजरी होना अनिवार्य है।

# दिव्यांग सेल

महाविद्यालय ही दिव्यांग छात्राओं की परेशानियों एवं कठिनाइयों से अवगत होकर महाविद्यालय ने गम्भीरता एवं संवेदनापूर्ण विचार करते हुए गत वर्ष राजनीति–विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजय अदलखा के दिशा–निर्देशन में दिव्यांग सैल का शुभारम्भ हुआ। इसके अतिरिक्त दृष्टि बाधित छात्राओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण की विशेष व्यवस्था की गई। इसमें छात्राओं की सामाजिक मनोवैज्ञानिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्तर की समस्याओं को दृष्टिगत करते हुए निराकरण का प्रयास किया जाता हैं।



Scanned with CamScanner

# सूचना संबंधी प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में सूचना के अधिकार संबंधी प्रकोष्ठ (Right to infornation -RTI) कार्यरत हैं, जिसके प्रभारी इतिहास विभाग के एसोसिएट प्राध्यापक प्रद्युम्न सिंह हैं।

# रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में डॉ. संदीप मान की अध्यक्षता में एक रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ कार्यरत हैं। सत्र 2017–18 में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुशीला कुमारी के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें Haryana Skill Development University के साथ मिलकर 200 से अधिक विद्यार्थियों को पाँच दिवसीय ट्रैनिंग दी गई। नवज्योति संख्या के सहयोग से रोजगार मेले से पहले 3 दिवसीय ट्रैनिंग उल्लेखनीय रही। 9 मार्च 2018 को आयोजित रोजगार मेले में 32 कॉलेजों के लगभग 2200 से अधिक विद्यार्थियों ने 48 कम्पनियों के साक्षात्कार में भाग लिया। इस मेले के दौरान 1200 से अधिक विद्यार्थियों का चयनित किया गया। चयनित विद्यार्थियों की यह संख्या अपने आप में एक रिकार्ड है। Placement Cell के अन्तर्गत् रोजगार मेले के सफल आयोजन में श्री प्रद्युम्न सिंह श्री मोहम्मद रफीक, श्रीमती ज्ञान देवी तथा श्रीमती पुष्पा अन्तिल एवं समस्त प्राध्यापक वर्ग का सराहनीय योगदान रहा।

# क्रीड़ा–क्षेत्रः उपलब्धियां

क्रीड़ा क्षेत्र मे हमारे महाविद्यालय की कुमारी प्रिंयका (एम. कॉम.) ने अन्तर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। नेहा (बी.एससी. तृतीय वर्ष) ने नार्थ जॉन शतरंज प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं अखिल भारतीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लिया। सोनिया (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने सीनियर नेशनल बॉल बैडमिंटन में भाग लिया। क्रान्ति (बी.एससी. तृतीय वर्ष) ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण–पदक प्राप्त किया एवं अतःविश्वविद्यालय में भाग लिया। प्रीति (बी.ए. द्वितीय वर्ष) ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय में बॉक्सिंग प्रतियोगिता मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया। नार्थ जोन नेशनल बाक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता एवं अतःविश्वविद्यालय बाक्सिग प्रतियोगिता में कास्य पदक प्राप्त किया। हरियाणा नेशनल ऑपन चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मनीषा (बी.ए. तृतीय वर्ष) एवं पायल (बी.ए. प्रथम वर्ष में अखिल भारतीय अन्तविश्वविद्यालय 5R हॉकी टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन्हीं दोनो छात्राओं ने अखिल भारतीय अन्तविश्वविद्यालय हॉकी टूर्नामेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के 5वे वार्षिक खेलोत्सव मे (Annual Athletic meet) पारितोषिक वितरण स्टारएक्स (Starex) विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अशोक दिवाकर ने किया। इस अवसर पर कुमारी अरूणा(अंग्रेजी ऑनर्स तृतीय वर्ष)को महाविद्यालय की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। महाविद्यालय की क्रीड़ा क्षेत्र में उपर्युक्त समस्त गतिविधियों के संचालन का श्रेय शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. शोभा नारंग को जाता है।

# राष्ट्रीय कैडेट कोर (एन.सी.सी.)

एकता और अनुशासन के मूलमंत्र को आदर्श मानकर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर की एक इकाई कार्यरत है। इस सत्र में महाविद्यालय की 18 कैडेट्स का नामांकन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले ''पौधारोपण अभियान'' में हमारे एन.सी.सी. कैडेट्स ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय में ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं नामक अभियान का सफल संचालन किया गया। हमारे कैडेट्स द्वारा'' ''ऊर्जा बचाओ, संस्कृति



Scanned with CamScanner

का करें विकास, उज्जवल होगा भविष्य और घर–घर प्रकाश'' आदि नारों द्वारा आम जनता को ऊर्जा बचाने के लिए प्रेरित किया। हमारे कैडेट्स द्वारा गणतन्त्र–दिवस व स्वतन्त्रता दिवस में बढ़–चढ़ कर भाग लिया गया। हमारे कैडेट्स ने ट्रेनिंग कैम्प Attend किये एक डॉक्युमेन्ट्री फिल्म का भी अवलोकन किया। माननीय प्राचार्य महोदया श्रीमती सुशीला शर्मा जी ने अपने भाषण में छात्राओं को 'राष्ट्रीय एकता' का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का समापन 'एकता शपथ' द्वारा किया गया।

महाविद्यालय के कैडेट्स ने एन.आर.एस. महाविद्यालय–रोहतक में आयोजित होने वाले ''वार्षिक प्रशिक्षण शिविर'' में सक्रिय भाग लिया और मनाली में Adventure Camp में भाग लिया उपर्युक्त सभी गतिविधियों का सराहनीय संचालन एन.सी.सी. प्रभारी श्रीमती ज्ञान देवी द्वारा होता है। उपर्युक्त सभी गतिविधियों को कुशलतापूर्वक कराने का श्रेय महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुशीला शर्मा के प्रगतिशील (Dynamic) नेतृत्व को जाता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस)

समाज की निष्काम भाव से सेवा करने, समाज में फैली बुराइयों को समाप्त करके समाज का नवनिर्माण करने तथा छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना पैदा करने के लिए महाविद्यालय में ''राष्ट्रीय सेवा योजना'' की तीन इकाइयाँ कार्यरत है। महाविद्यालय में 127 छात्राएँ तीन एन.एस.एस अधिकारियों श्रीमती प्राची गुप्ता, श्रीमती मीनाक्षी यादव एवं सुश्री संगीता की देखरेख में कार्य कर रही हैं।

दिनांक 25.02.2018 से 03.03.2018 तक चन्दन नगर, गुरूग्राम में 'एक साप्ताहिक शिविर' का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने भाग लेकर चन्दन नगर के बच्चों को शिक्षा तथा महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। 25.02.2018 को महाविद्यालय की उप–प्राचार्या वेदवन्ती ने शिविर का उद्घाटन करते हुए 'राष्ट्रीय सेवा योजना' के महत्व पर प्रकाश डाला।

सत्र के दौरान तीन एक दिवसीय स्वच्छता शिविर आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त ''अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस'', शहीदी–दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कविता पाठ, स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग इत्यादि विभिन्न प्रतियोगिताएँ कराई गई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत छात्राओं ने ईमानदारी की शपथ ली।

MDU द्वारा चयनित NSS की दो छात्राएँ भ्रमण के लिए मनाली तथा केरल गई।

## पढिए और कमाइए

हरियाणा सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना इस कॉलेज में एक नियमित अभ्यास है जिसका उद्देश्य छात्राओं में श्रम, आत्मनिर्भता और काम के प्रति गौरव की भावना को जागृत करने की एक पहल है। 2017–18 में इस योजना के अंतर्गत सरकार की ओर से 2 लाख 22 हजार रू आए। महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. सुशीला कुमारी की अध्यक्षता में अत्यंत गरीब जरूरतमंद व काम करने के इच्छुक 65 विद्यार्थियों का चयन किया गया। ये विद्यार्थी भिन्न–भिन्न प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एंव कार्यालय में काम करते हैं। इस योजना के अंतर्गत 1 घंटे के काम के 100रू दिये जाते हैं। महाविद्यालय में इस योजना का क्रियान्वयन वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती कुसुम बरेजा तथा श्रीमती रंजना शर्मा की देख–रेख में होता है। श्रीमती गीतिका एवं किरण यादव इसके सक्रिय सदस्य हैं।



Scanned with CamScanner

# शैक्षिक भ्रमण

सत्र 2017–18 में दिनांक 27 फरवरी से 4 मार्च 2018 तक गणित विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर श्री विरेन्द्र अंतिल के निर्देशन में एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें 41 छात्राओं ने धर्मशाला मैक्लोडगंज डलहॉजी, चम्बा, खजियार की वादियों का अवलोकन किया इसके अतिरिक्त विश्व विख्यात अमृतसर का स्वर्ण मंदिर एवं अटारी बॉर्डर (भारत पाकिस्तान बॉर्डर) का भ्रमण किया। इस भ्रमण में राजनीति विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर श्री रणधीर सिंह एंव हिन्दी विभाग की एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. श्रीमती पुष्पा अंतिल का सहयोग सराहनीय रहा।

दिनांक 27.2.2018 से 2.3.2018 तक वाणिज्य विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री सुन्दर सिंह के निर्देशन में एक अन्य शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की 45 छात्राओं ने शिमला, कुफरी, नालदेहरा की सुन्दर वादियों का अवलोकन किया तथा पिंजौर–गार्डन भी ले जाया गया। जिसमें टंकण अनुदेशक श्री राजेन्द्र कुमार का इसमें सराहनीय योगदान रहा।

दिनांक 26.2.18 से 4.3.18 तक इतिहास विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर श्री प्रद्युम्न के निर्देशन में 88 छात्राओं को कुल्लु मनाली के शैक्षिक भ्रमण का आनन्द उठाया। इस भ्रमण में वाणिज्य विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. अजय बंसल एवं वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक–प्रोफेसर श्रीमती मीनू गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा।

दिनांक 27.2.18 से 4.3.18 तक कम्प्यूटर विभाग के एसोशिएट प्रोफेसर डॉ. संदीप मान के नेतृत्व में 42 छात्राओं ने धर्मशाला खजियार, मेक्लोडगंज डलहौजी, खजियार एवं अमृतसर का अवलोकन किया। जिसमे सहायक प्रोफेसर श्रीमंती ज्ञानदेवी का सहयोग सराहनीय रहा।

इन सबके अतिरिक्त वाणिज्य–विभाग के सहायक प्रोफेसर श्री सुन्दर सिंह के नेतृत्व मे दिनांक 23.3.2018 को 42 छात्राओं को एक दिन के आगरा शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया।

# विविध परिषद्:–

## हिन्दी साहित्य परिषद्

हिन्दी साहित्य परिषद् विभागाध्यक्षा डॉ. सुनीता श्योराण के निर्देशन में कार्य करती हैं। परिषद में 23–24 अगस्त 2017 को प्रतिभा–चयन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की अनेक प्रतिभाओं ने भाग लिया। तत्पश्चात् 6 सितम्बर 2017 को शिक्षक–दिवस मनाया गया, जिसमें कविता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 11 सितम्बर 2017 को पं. दीन दयाल उपाध्याय जयन्ती के अवसर पर 'निबन्ध प्रतियोगिता' में छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। 2017 हिन्दी दिवस के अवसर पर 14 सितम्बर 2017 को कविता–पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 4 अक्टूबर 2017 को पं. दीन दयाल जी की स्मृति में वृहद स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा को 9 नवम्बर 2017 को 'श्रुतलेख–प्रतियोगिता' के द्वारा उजागर किया गया। तत्पश्चात 17 जनवरी 2018 को 'देशभक्ति–कविता–पाठ' का आयोजन किया गया। हिन्दी–साहित्य–परिषद के तत्वाधान में 2018 मार्च माह में 'विस्तार भाषण' आयोजित किया गया।



Scanned with CamScanner

# संस्कृत साहित्य परिषद्

संस्कृत विभाग की अध्यक्षा श्रीमती सुषमा शर्मा के निर्देशन तथा डॉ. श्रीमती किरण बाला की अध्यक्षता में संस्कृत साहित्य परिषद् कार्य करती हैं। अगस्त 2017 में महाविद्यालय में 'प्रतिभा खोज' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृत श्लोकोच्चारण तथा संस्कृत–संभाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया तथा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की ओर से Law Collage, Gurugram मे आयोजित क्षेत्रीय युवासमारोह में स्वाति शर्मा (एम.ए. अंग्रेजी) ने संस्कृत श्लोकोच्चारण में प्रथम तथा संस्कृत संभाषण में ईशा (B.Sc non Medical 5th sem) ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृत नाटक में भी हमारा महाविद्यालय प्रथम स्थान पर रहा। Best Actress का पुरस्कार दीक्षा (MCA-I year) को मिला।

अन्तः क्षेत्रीय युवासमारोह में भी संस्कृत नाटक को प्रथम स्थान मिला तथा संस्कृत श्लोकाच्चारण में स्वाति शर्मा (एम.ए. अंग्रेजी) को तृतीय स्थान मिला।

12 फरवरी 2018 को महाविद्यालय में 'वसन्तोत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें संस्कृत श्लोकोच्चारण तथा सम्भाषण (संस्कृत) प्रतियोगिता में छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# अंग्रेजी साहित्य परिषद्

'अंग्रेजी साहित्य परिषद्' श्रीमती वेदवंती की अध्यक्षता एवं कुशल नेतृत्व में कार्य करती है। वर्तमान शैक्षणिक सत्र के अन्तर्गत परिषद् ने दिनांक 28.9.2017 को महाविद्यालय स्तर पर अंग्रेजी Calligraphi प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सोनम राजपूत (B.SC कम्प्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष) दिशा (B.SC N.M) द्वितीय वर्ष एवं चेतना (B.SC कम्प्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष) आँचल (B.SC.N.M द्वितीय वर्ष ) सृष्टि ठाकुर (B.A Eng Hons प्रथम वर्ष ) एवं सुनीता सैनी (B.SC Math Hons प्रथम वर्ष ) ने क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किए। काजल अली (B.SC कम्प्यूटर साइंस) एवं दिव्या B.SC.N.M द्वितीय वर्ष) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। तदन्तर परिषद ने दिनांक 22.11.2017 को महाविद्यालय स्तर पर 'अंग्रेजी निबन्ध लेखन' प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें सायरा (B.A Eng Hons प्रथम वर्ष ) अंजली यादव बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं पूजा (B.A Eng Hons प्रथम वर्ष ) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। सृष्टि (B.A Eng Hons प्रथम वर्ष ) ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। नवम्बर माह में परिषद् ने महाविद्यालय स्तर पर अंग्रेजी कविता–पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें भारती (B.A Eng Hons तृतीय वर्ष) ने प्रथम लोपाक्शी (B.A द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय पुरस्कार तथा पारूल (B.A प्रथम वर्ष ) तृतीय स्थान प्राप्त किया। तत्पश्चात दिनांक 19.2.2018 को एक 'अन्तर–कक्षा–प्रश्नोत्तरी' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पाँच टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता ने टीम IV विजयी रही। विजयी टीम में शामिल विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं– अदिति ( M.A Eng प्रथम वर्ष), मानसी ( M.A Eng प्रथम वर्ष ), कनिका ( B.A Eng Hons द्वितीय वर्ष) एवं पलक B.A Eng Hons तृतीय वर्ष )। दिनांक 26.2.2018 को महाविद्यालय में 'विस्तार व्याख्यान' का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमती अनीता प्रताप सिंह ने " Spoken English" पर व्याख्यान दिया। परिषद् की उपर्युक्त गतिविधियों में महाविद्यालय की छात्राओं ने अत्यन्त उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें उनकी साहित्यिक प्रतिभा एवं सृजनात्मक चेतना का विकास हुआ।



Scanned with CamScanner

## संगीत परिषद्

संगीत परिषद् व संगीत विभाग की विभागाध्यक्षा श्रीमती पुष्पा यादव की देखरेख मे कार्य करती है। दिनांक 23.8.2017 को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में विभाग की प्राध्यापिका की देखरेख में लगभग 80 बच्चों ने गीत–संगीत की बारिकियों को सीखा तथा इन प्रतिभागियों ने भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किए। दिनांक 10.11.2017 से 12.11.2017 तक सम्पन्न हुए क्षेत्रीय युवा–समारोह में विभाग के विद्यार्थियों ने दो प्रथम, दो द्वितीय व एक तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

दिनांक 17.11.2017 से 19.11.2017 तक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित अन्तरक्षेत्रीय युवा–समारोह ने शास्त्रीय वादन एकल में प्रथम स्थान अर्जित कर पुरस्कार प्राप्त किया। दिनांक 12.2.2018 से 13.2. 2018 तक महाविद्यालय में दो दिवसीय बसंतोत्सव में अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया व प्राचार्य महोदया के करकमलों से प्रथम द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार अर्जित किए।

## राजनीति विज्ञान विभाग

महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की गतिविधियाँ एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजय अदलखा के नेतृत्व मे निरन्तर प्रगतिशील है। विभाग में महाविद्यालय स्तर पर शैक्षणिक तथा सह शैक्षणिक गतिविधियां जैसे– भाषण, वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं रंगोली प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें छात्राओं ने बढ–चढ़ कर पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया। इसके अतिरिक्त जिला एवं प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता जैसे कबीर जयंती उत्सव, हरित भूमि प्रतियोगिता, हरियाणा–स्वर्ण जयन्ती समारोह नेहरू युवा केन्द्र राष्ट्रीय मतदाता–दिवस, पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती आदि में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त "भारतीय संघ की गतिशीलता विषय पर भी रणबीर सिंह, भूतपूर्व प्रोफेसर कुरूक्षेत्र वि.वि ने विस्तार भाषण देकर छात्राओं को लाभांवित किया।

## अर्थशास्त्र विभाग

अर्थशास्त्र विभाग के अर्न्तगत 11 अगस्त 2017 को एक पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 40 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार पावनी,द्वितीय पुरस्कार मनीषा, तृतीय पुरस्कार सुष्मिता एवं लिपाक्षी को मिला।

सितम्बर 2017 में बी.ए ऑनर्स अन्तिम वर्ष की छात्राओं ने देना–बैंक के अधिकारियों से भेंट की और बैंक की कार्यविधि को समझा। इसके अतिरिक्त 28सितम्बर 2017 को डॉ. सुनील कुमार सहायक प्रोफेसर द्वारा भारत में 'आर्थिक वृद्धि, रोजगार तथा असमानता' विषय पर विस्तार व्याख्यान दिया गया।

मार्च 2018 में अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापिकाओं द्वारा सभी कक्षाओं मे सम्बन्धित विषयों पर पेपर प्रस्तुतीकरण करवाया गया।

12 मार्च 2018 को विभाग में श्रीमती पूजा पुंछी ने "Potential Development" पर विस्तार व्याख्यान दिया जिसमें छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया।



Scanned with CamScanner

# गृहविज्ञान परिषद्

गृहविज्ञान परिषद् का सफल संचालन डॉ. सुनीता वशिष्ठ के कुशल निर्देशन में हो रहा है। परिषद् की ओर से कला को बढावा देने हेतु छात्राओं को पेन्टिग, व्यर्थ की चीजो से आकर्षित वस्तुएं एंव उपयोगी वस्तुएं बनाना, पॉट बनाना, पोस्टर बनाना, रंगोली एंव ब्लॉक प्रिंटिग सिखाई जाती है। 23 अगस्त 2017 को परिषद् द्वारा एक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कु0 रितिका, बी.ए. द्वितीय वर्ष ने रंगोली में प्रथम स्थान, कु0 मेघा बी.एस.सी गृहविज्ञान द्वितीय वर्ष ने कार्टूनिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्तः क्षेत्रीय–युवा–समारोह में कु0 काजल बी.एस.सी. कम्प्यूटर विज्ञान द्वितीय वर्ष ने रंगोली में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। परिषद् द्वारा 1 नवम्बर 2017 को पाठ्यक्रम से सम्बन्धित एक दिन का शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया जिसमें बी.एससी गृहविज्ञान द्वितीय वर्ष की 43 छात्राओं ने 'एकलव्य' नामक NGO गुरूग्राम का अवलोकन किया।

11 अक्टूबर 2017 को पाठ्यक्रम पर आधारित वर्कशॉप लगाई गयी जिसमें बी.ए. एवं बी.एससी. गृहविज्ञान की सभी छात्राओं को रंगाई, बंधेज, स्टेन्सिल, मधुबनी, ब्लॉक प्रिन्टिग के नियम व विधियाँ सिखलाई गई।।

3 नवम्बर 2017 को परिषद द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में बी.एससी. गृहविज्ञान तृतीय वर्ष की 18 छात्राओं को शिल्प संग्रहालय नई दिल्ली का अवलोकन कराया गया।

12 फरवरी 2018 बसंत महोत्सव के उपलक्ष मे परिषद् ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जिसमें स्वाति, बी.एससी. (गृहविज्ञान) तृतीय वर्ष ने सलाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, भावना बी.एससी. गृहविज्ञान, तृतीय वर्ष ने व्यर्थ चीजों से आकर्षित वस्तुऐं बनाने की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

24 फरवरी 2018 को परिषद् में लीगल लिट्रेसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें ऋतु मलिक, बी. एससी. गृहविज्ञान द्वितीय वर्ष ने स्लोगन लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं पारूल, बी.एससी. (NIM) प्रथम वर्ष पेन्टिग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्तः जिला Legeliteracy competition में ऋतु मलिक, बी.एससी. गृहविज्ञान द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पारूल बी.एससी (NIM) प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# मनोविज्ञान विभाग

मनोविज्ञान विभाग के तत्वाधान में महाविद्यालय स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 10 अक्तूबर 2018 को लगाई गई। जिसमें 5 मॉडल मनोविज्ञान विभाग की तरफ से प्रस्तुत किए गए। जिसमें निधि देवी. रोल नं. 140 बी.ए. तृतीए वर्ष नेहा मीणा रोल नं. 316 बी.ए. तृतीय वर्ष, प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा उन्हे विभाग की तरफ से जिला स्तर पर जाने के लिए चुना गया। इन छात्राओं ने 13 व 14 अक्टूबर 2017 को राजकीय महाविद्यालय–बहादुरगढ़ में जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में हिस्सा लिया और द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

# वनस्पति विज्ञान विभाग

(1) 12 अगस्त 2017 : को "अखिल भारतीय निबन्ध लेखन कार्यक्रम" का आयोजन किया गया तथा इसमें 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिनमें 4 छात्राओं को योग्यता पर आधारित प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

(2) 30 अगस्त 2017 : को "विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की राज्य परिषद्" (State Council of Science & Technology) के द्वारा जिला स्तरीय Science Quize (विज्ञान मौखिक प्रश्नोत्तरी) का आयोजन



Scanned with CamScanner

महाविद्यालय में किया गया। जिसमें 10 से ज्यादा महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भाग लिए। इस प्रतियोगिता में हमारे महाविद्यालय की एक टीम राज्य स्तरीय Science Quize के लिये अन्तरिम रूप से चयनित हुई।

(3) 5 सितम्बर 2017: "वनस्पति विज्ञान विभाग" द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों तथा छात्राओं के मध्य अनौपचारिक–वार्तालाप तथा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

(4) 26 सितम्बर 2017: "विज्ञान एवं प्रौधोगिकी की राज्य परिषद्" (State Council of Science & Technlogy) के द्वारा विज्ञान निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग में किया गया। जिसमें 10 छात्राओं द्वारा लिखे निबन्ध का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

(5) 4 अक्टूबर 2017: "दयाल सिंह महाविद्यालय करनाल" के द्वारा आयोजित निबन्ध–प्रतियोगिता के लिए 7 छात्राओं के नामांकन भेजे गए।

(6) 13–14 अक्टूबर 2017: "जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी" का आयोजन "राजकीय महाविद्यालय करनाल"द्वारा किया गया। जिसमें हमारे महाविद्यालय की वनस्पति विज्ञान की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

(7A) 13 फरवरी 2018 : बी.एससी. वनस्पति ऑनर्स की छात्रा कृतिका सेठ (सत्र 2016–17) पुत्री श्री विजय सेठ को विश्वविद्यालय दीक्षान्त–समारोह में स्वर्ण–पदक से सम्मानित किया गया।

(7B) 13 फरवरी 2018: इसी दीक्षान्त समारोह में हमारे महाविद्यालय की छात्रा सिमरन दीप पुत्री श्री महिन्दर सिंह (बी.एससी. वनस्पति ऑनर्स तृतीय वर्ष) को जिला स्तर पर सर्वश्रेष्ठ एन.एस.एस. वॉलंटियर के रूप में सम्मानित किया गया।

(8) 20 फरवरी 2018 : अंतरमहाविद्यालय Poster Making Compitition का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। इसमे 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा निर्णायक मण्डल (डॉ. इन्दु राव, श्रीमती मधु अरोड़ा, श्रीमती अर्चना सूटा) द्वारा 10 पोस्टर का चयन अन्तरिम रूप से किया गया।

(9) 8 मार्च 2018 : अंतः महाविद्यालय Botanical Rangoli प्रतियोगिता का आयोजन वनस्पति विज्ञान विभाग के Imperial Club द्वारा किया गया तथा निर्णायक मण्डल (डॉ. अनुपमा यादव, डॉ. पुष्पा अन्तिल तथा श्रीमती अनीता राठी) द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सान्त्वना पुरस्कार प्रदान किये गये।

## प्राणीशास्त्र विभाग

(1) हरियाणा–स्टेट–काउन्सलिंग विज्ञान एवं तकनीकी (HSCST) के सहयोग से दिनांक 30.08.2017 को जिला–स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई । जिसमें आठ महाविद्यालयो ने भाग लिया। इसकी संयोजक जे. अनुपमा यादव रही।



Scanned with CamScanner

(2) Final Quiz प्रतियोगिता में हमारे कॉलेज की टीम ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 24 अक्टूबर 2017 को अग्रवाल कॉलेज–बल्लभगढ़ में हुई।

(3) विज्ञान प्रदर्शनी –(जीवविज्ञान विभाग ) 13 व 14 अक्टूबर 2017 को इस विभाग के छात्राओं ने बहादुरगढ़ कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया।

(4) जीवविज्ञान विभाग – (विस्तार भाषण) में NBRC (National Brain Reserch Centere) से डॉ. अलोरा सेन द्वारा कैंसर पर भाषण दिया गया।

(5) इस विभाग के छात्राओं ने 7 मार्च 2018 को स्वर्ण जयंती प्रकृति कैंप में सहायक प्रोफेसर सुश्री राखी चौहान के नेतृत्व में भाग लिया जो भौंडसी में आयोजित किया गया था। जिला गुरुग्राम में संयुक्त राष्ट्र विश्व वन्यजीवन दिवस मनाया गया।

(6) इस विभाग की छात्राओं ने दिनांक 19.3.2018 को चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया।

# डिजिटल परिषद्

डिजिटल परिषद् कम्प्यूटर सांइस, गणित विभाग व भौतिकी विभाग के सामूहिक योगदान से कार्य करती है। जिसका उद्देश्य छात्राओं में एक वैज्ञानिक कौशल विकसित करना व सम्बंधित विषय में उनकी रूचि को बढ़ाना हैं, इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये परिषद् द्वारा समय समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसमें विज्ञान–प्रदर्शनी–चार्ट–प्रदर्शनी पेपर प्रस्तुती अंतर कक्षा विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रमुख है। छात्र इसमें बढ़–चढ़ कर बड़े उत्साह के साथ भाग लेते है। वर्तमान सत्र में श्री संदीपमान ने Artificial Intelligence व किरण यादव ने HTML जैसे विषयों पर विस्तार भाषण देकर छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

# रसायन विभाग

पी.सी.रे. सोसायटी ने इस सत्र में अक्टूबर माह में कॉलेज स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। खंड स्तर पर राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नवम्बर माह में इंटरक्लास साइंस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्राओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समय–समय पर कक्षाओं में सेमिनारों का आयोजन किया गया।

# बायोटैक्नॉलोजी विभाग

(1) 30 अगस्त 2017 को साइंस प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। जिसमें बायोटैक्नॉलोजी विभाग की टीम को पुरस्कार प्राप्त हुआ।

(2) श्रीमती रंजना कुमारी सेठ (Co-ordinator, Clinical Research Life Care Innovations Pvt. Limited, Gurgaon) के द्वारा एक ऐक्सटेंशन लेक्चर करवाया गया जिसका विषय था 'Drug Development & Regulatory Affaire'। यह गतिविधि 27 अक्टूबर 2017 को हुई।

(3) 19 मार्च 2018 को Biotech Symposium का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न गतिविधियां शामिल की गई जैसे (Science Models, Porters, Speech, Debate & Cultural Activites)

(4) मार्च 2018 में B.Sc. Biotech 3rd Year की छात्राओं को PUSA के National Phytochrome facility में शैक्षणिक यात्रा के लिए ले जाया गया।



Scanned with CamScanner

# धन्यवाद ज्ञापन

मैं माननीय मुख्य अतिथि श्री मार्कण्डेय आहूजा, कुलपति, गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम के प्रति आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आज के कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

मैं माननीय श्री पवन जिंदल प्रान्त संघचालक, हरियाणा प्रान्त, राष्ट्रीय सेवक संघ का विशेष आभार व्यक्त करती हूँ जिन्होंने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर हमें कृतार्थ किया।

मैं माननीय श्री रामबिलास शर्मा जी शिक्षा मन्त्री हरियाणा के प्रति उनकी उदार अनुकम्पा भाव बनाए रखने के लिए कृतज्ञता प्रकट करती हूँ।

मैं माननीय श्री राव नरबीर सिंह जी लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री, हरियाणा सरकार के प्रति विशेष आभारी हूँ जो समय–समय पर महाविद्यालय की गतिविधियों मे हमारा मार्गदर्शन करते हैं।

मैं माननीय श्री उमेश अग्रवाल जी विधायक गुड़गांव के प्रति विशेष अभारी हूँ जो समय–समय पर महाविद्यालय तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में निजी रूची लेते रहे हैं।

मैं श्रीमती ज्योति अरोड़ा, आई.ए.एस. प्रधान सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग , हरियाणा के प्रति उनके कुशल निर्देशन एवं सराहनीय मार्गदर्शन के लिए हृदय से कृतज्ञता प्रकट करती हूँ।

मैं श्री विजय सिंह दहिया आई.ए.एस. महानिदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा के प्रति उनके निर्देशन एवं मार्गदर्शन के लिए आभारी हूँ।

मैं श्री विनय प्रताप सिंह, आई.ए.एस. उपायुक्त, गुरूग्राम की भी विशेष आभारी हूँ जिनसे समय–समय पर उचित दिशा–निर्देश एवं प्रेरणापूर्ण प्रबोधन मिलता रहा है।

मैं विशेष सहयोग के लिए पुलिस आयुक्त श्री संदीप खिरवार आई.पी.एस., गुरूग्राम की भी आभारी हूँ।

मैं महाविद्यालय के उचित रख–रखाव तथा नव–निर्माण में सहयोग करने के लिए बिजली, जन–स्वास्थ्य अभियांत्रिकी तथा कार्यकारी अभियन्ताओं के प्रति भी कृतज्ञ हूँ।

मैं सहयोग के लिए डॉ. सुषमा चौधरी प्राचार्या द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय को भी धन्यवाद ज्ञापित करती हूँ।

अन्त में, मैं महाविद्यालय के सहयोगी प्राध्यापकों कार्यालय स्टाफ तथा अन्य सभी कर्मचारी वर्ग के सतत् सहयोग के लिए धन्यवाद करती हूँ। इस संस्था की गरिमा बनाये रखने के लिए मैं विद्यार्थियों को धन्यवाद देती हूँ।

मैं इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सभी विशिष्ट अतिथियों तथा आप सब के प्रति भी आभार व्यक्त करती हूँ।

सर्वोपरि महोदय, मैं एक बार पुनः आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करती हूँ।

**डॉ. सुशीला कुमारी**

**प्राचार्या**



Scanned with CamScanner

# ऊँची उड़ान–मंजिल की ओर

## स्वर्ण पदक विजेता छात्राएँ 2016–17

| | | |
|---|---|---|
| 1.पवन कुमारी – बी.ए. हिन्दी ऑनर्स | 1170/1600 | 73.13% |
| 2.सिमरजीत कौर – एम.ए. संगीत (गायन) | 1203/1400 | 85.93% |
| 3. कृतिका सेठ – बी.एससी. वनस्पतिशास्त्र ऑनर्स | 1794/2200 | 81.55% |
| 4.निशा यादव – बी.एससी. प्राणीशास्त्र ऑनर्स | 1853/2200 | 84.25% |
| 5.चिंकी – बी.ए. अर्थशास्त्र ऑनर्स | 2311/3000 | 77.03% |

## म0द0 विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी

| | |
|---|---|
| 1. अनिता यादव | बी.एससी. छठा सेमेस्टर |
| 2. आकृति भट्ट | बी.एससी. बायोटेक्नोलॉजी |
| 3. आशा रानी | बी.एससी. गणित ऑनर्स |
| 4. अनिता यादव | बी.एससी. वनस्पति विज्ञान |
| 5. अनुष्का तिवारी | बी.एससी. प्राणीशास्त्र |
| 6. नेहा धारीवाल | बी.एससी. गृहविज्ञान |
| 7. निखिल डे | एम.ए.संगीत (वादन) |
| 8. इन्दू शर्मा | एम.सी.ए. दूसरा सेमेस्टर |

## महाविद्यालय–इनकी नजर में

महाविद्यालय में अनुशासन व सद्व्यवहार साकार मूर्तरूप प्रस्तुत हुआ। छात्राओं में शालीनता निस्सन्देह प्रशंसनीय हैं। आधुनिकता में डूबे वातावरण में महाविद्यालय के प्रशासक की विलक्षणता, योग्यता एवं उत्तमता स्वतः सिद्ध स्पष्ट हैं। छात्राओं एवं योग्य प्राध्यापक मण्डल का व्यवहार व शालीनता सराहनीय हैं।

नरेन्द्र लाहड़ (वरिष्ठ साहित्यकार)

शिक्षा के इस मन्दिर में आकर लगा कि यह उन मंदिरों से हजार दर्जे बेहतर है जहाँ धर्म की दुकाने चलती है।

सुरेन्द्र शर्मा
(राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध हास्य कवि)

Scanned with CamScanner















Scanned with CamScanner